**NEWS CLIPPING: 02.05.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय विस्तार परिसर के लिए तैयार करेगा विस्तृत कार्य योजना

- भूमि आवंटन पर कुलपति ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जताया आभार
- कहा-विद्यार्थियों के व्यापक हितों में लिया गया यह बड़ा निर्णय

फरीदाबाद, 1 मई (पूजा शर्मा): हरियाणा सरकार द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद को परिसर विस्तार के लिए गांव भाकरी में 18 एकड़ जमीन आवंटित करने की स्वीकृति दिए जाने के उपरांत विश्वविद्यालय ने परिसर विस्तार में अकादमिक एवं ढांचागत विकास के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि हरियाणा मंत्रिमंडल की मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में वीरवार को हुई बैठक में विश्वविद्यालय को परिसर विस्तार के लिए गांव भाकरी में नगर निगम, फरीदाबाद की 18 एकड़ भूमि वर्तमान कलेक्टर रेट एवं विकास शुल्क के साथ आवंटित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने विश्वविद्यालय के परिसर विस्तार के लिए भूमि आवंटन को स्वीकृति प्रदान करने पर विश्वविद्यालय की ओर से हरियाणा सरकार, विशेष रूप से मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल को प्रेषित संदेश में कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय भूमि आवंटन के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का कृतज्ञ है, जिन्होंने विश्वविद्यालय की चिरलंबित मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि अब विश्वविद्यालय अपनी भावी योजनाओं को लेकर निश्चिन्त हो गया है। विगत पांच वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय ने अकादमिक क्षेत्र में तेजी से विकास किया है, जिसके कारण विद्यार्थियों की सं या 2500 से बढ़कर आगामी शैक्षणिक सत्र में 5 हजार तक पहुंच जाएगी। ऐसे समय में विद्यार्थियों के व्यापक हितों में लिया गया यह बड़ा निर्णय है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की योजना राष्ट्रीय शिक्षा नीति का अनुसरण करते हुए विस्तारित परिसर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बहु:विषयक क्षेत्र के साथ-साथ लिबरल आर्ट पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए नये कार्यक्रमों शुरू करने की है। कुलपति ने कोरोना वायरस (कोविड-19) महामारी से उत्पन्न स्थिति तथा चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की प्रशंसा की है तथा विश्वविद्यालय द्वारा राज्य सरकार के सभी निर्देशों का अक्षरस: पालन करने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय परिवार के प्रत्येक सदस्य ने कोरोना वायरस के खिलाफ लड़ाई में अपनी भागीदार सुनिश्चित की है और किसी न किसी तरह से राहत एवं रोकथाम गतिविधियों में अपना योगदान दे रहा है।

## J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**


GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 02.05.2020**

**THE PIONEER**

# गोल्ड फील्ड कॉलेज का संचालन खुद करेगी सरकार

## फरीदाबाद निगम की जमीन मिलेगी जेसी बोस विवि को

## मनोहर मंत्रिमंडल की बैठक में हुआ फैसला



**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में गुरुवार को चंडीगढ़ में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में नगर निगम फरीदाबाद की 18 एकड़ भूमि तीन करोड़ रुपये प्रति एकड़ के वर्तमान कलेक्टर रेट और 120 रुपये प्रति वर्ग गज के विकास शुल्क के साथ जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए), फरीदाबाद को आवंटित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। इससे नगर निगम, फरीदाबाद को लगभग 56 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे।

इसी दौरान सरकार ने जनसाधारण को पर्याप्त, सुविधाजनक और गुणवत्तापरक स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के उद्देश्य से जिला फरीदाबाद की बल्लभगढ़ तहसील के गांव छैंसा में गोल्ड फील्ड शिक्षा संस्था, फरीदाबाद द्वारा संचालित गोल्ड फील्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च को ई-नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से खरीदने और व्यापक जनहित में सरकारी मेडिकल कॉलेज चलाने की स्वीकृति प्रदान की है। राज्य सरकार द्वारा वहां ढांचे का अधिग्रहण करने की संभावनाएं तलाशने के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया गया था। सरकार ने 126.04 करोड़ रुपये के मूल्यांकन के आधार पर 126 से 128 करोड़ रुपये के बीच ई-नीलामी में हिस्सा लेने का निर्णय लिया और चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग के निदेशक की अगुवाई वाली कमेटी को इसके लिए अधिकृत किया गया। इस कमेटी द्वारा 13 मार्च, 2020 को 128 करोड़ रुपये के मूल्यांकन आधार पर गोल्ड फील्ड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च को खरीदा गया था।

**NEWS CLIPPING: 02.05.2020**

## HINDUSTAN

# जिला फरीदाबाद को दूसरा सरकारी मेडिकल कॉलेज मिलेगा

**अच्छी खबर**

फरीदाबाद | मुख्य संवाददाता

गोल्ड फील्ड इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च के रूप में फरीदाबाद को दूसरा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल मिलेगा। इससे जिले की स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर होंगी। गुरुवार को हुई हरियाणा सरकार के मंत्रिमंडल की बैठक में इसको सरकार ने मंजूरी दे दी। फिलहाल फरीदाबाद में ईएसआई मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के रूप में एक सरकारी अस्पताल है। हालांकि इनके अलावा जिले में अलफलाह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निजी अस्पताल भी है।

### कई साल से बंद है गोल्ड फील्ड मेडिकल कॉलेज

गांव छांयसा में गोल्ड फील्ड शिक्षा संस्था द्वारा संचालित गोल्ड फील्ड इंस्टीटयूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च खुला था। जिसको संस्था ने वित्तीय घाटे के चलते बंद कर दिया था। उस वक्त इसमें पढ़ने वाले छात्रों को सरकार ने प्रदेश के दूसरे मेडिकल कॉलेजों में दाखिला दिया था। तभी यह कॉलेज बंद चला आ रहा था। गुरुवार को सरकार ने इसको खरीदने का फैसला किया है। मंत्रिमंडल में हुए फैसले के मुताबिक सरकार अब इसका संचालन करेगी। हालांकि आगे की क्या रणनीति होगी फिलहाल सरकार ने इसका खुलासा नहीं किया है।

### अरावली में खुलेगा वाईएससीए को नया कैंपस

**18** एकड़ नगर निगम की जमीन देने के प्रस्ताव को मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी

**25** सौ से बढ़कर विद्यार्थियों की संख्या आगामी सत्र में 5 हजार तक पहुंचेगी

जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) का नया कैंपस गांव भांखरी के पास अरावली में खुलेगा। इसके लिए हरियाणा सरकार के मंत्रिमंडल ने नगर निगम की 18 एकड़ जमीन देने के प्रस्ताव को गुरुवार को मंजूरी दे दी है। उधर, जमीन देने के प्रस्ताव को मंजूरी देने पर वाईएमसीए के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार जताया है। प्रोफेसर ने बताया कि जमीन आवंटित करने की स्वीकृति दिये जाने के उपरांत विश्वविद्यालय ने परिसर विस्तार में अकादमिक एवं ढांचागत विकास के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों के दौरान विश्वविद्यालय ने अकादमिक क्षेत्र में तेजी से विकास किया है, जिसके कारण विद्यार्थियों की संख्या 2500 से बढ़कर आगामी शैक्षणिक सत्र में 5 हजार तक पहुंच जाएगी। उन्होंने बताया कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के बहु:विषयक क्षेत्र के साथ-साथ लिबरल आर्ट पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए नये कार्यक्रम शुरू करने की है।



फरीदाबाद गुरूग्राम रोड पर अरावली में खुलेगा वाईएमसीए का नया कैंपस। ●हिन्दुस्तान

### तीन करोड़ रुपये प्रति एकड़ होगी जमीन की कीमत

नगर निगम की तरफ से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (वाईएमसीए) को दी जाने वाली जमीन की कीमत तीन करोड़ रुपये प्रति एकड़ होगी। यह जमीन पंजाब भूमि सरंक्षण अधिनियम-1900 की धारा चार और पांच से बाहर है। वरिष्ठ वास्तुकार के प्रस्ताव के मुताबिक निगम की भांखरी की राजस्व सीमा में 81 एकड़ जमीन है, जिसमें 63 एकड़ में पंजाब भूमि सरंक्षण अधिनियम लागू होता है, जबकि बाकी 18 एकड़ जमीन खाली है। जिससे 'जैसे ही वैसी ही' स्थिति की शर्त पर वाईएमसीए को दिया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 02.05.2020**

## NAVBHARAT TIMES

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी नए परिसर के लिए तैयार करेगी कार्य योजना

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद :** हरियाणा सरकार ने जेसी बोस यूनिवर्सिटी का नया परिसर बनाने के लिए गांव भांकरी में 18 एकड़ जमीन आवंटित करने की स्वीकृति दी है। यह नया परिसर यूनिवर्सिटी की विस्तार योजना का हिस्सा होगा। अब यूनिवर्सिटी ने परिसर विस्तार के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार कराने का फैसला लिया है। सीएम मनोहर लाल की अध्यक्षता में गुरुवार को हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की मीटिंग के दौरान यूनिवर्सिटी परिसर के लिए भूमि आवंटन को मंजूरी दी गई है। गांव भांकरी में 18 एकड़ जमीन वर्तमान कलेक्टर रेट से यूनिवर्सिटी को दी जाएगी। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने भूमि आवंटन को मंजूरी देने के लिए सीएम मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार ने यूनिवर्सिटी की काफी लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया है।